आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार                                        दिनांक 24.10.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रोज़गार मेले युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बन चुके हैं—आज रायपुर सहित देशभर के विभिन्न शहरों में आयोजित रोजगार मेलों में इंक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्त पत्र सौंपे गए।

2— नारायणपुर जिले में दूषित भोजन खाने से पांच ग्रामीणों की मौत।

3— बस्तर ओलंपिक के तहत कल से विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिताएं शुरू होंगी।

4— नहाय खाय के साथ कल से शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व।

...............

प्रधानमंत्री—रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेला युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। आज नई दिल्ली में आयोजित सत्रहवें राष्ट्रीय रोजगार मेले के दौरान श्री मोदी ने वीडियो संदेश में यह बात कही। कार्यक्रम के दौरान रोजगार मेला पहल के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में इंक्यावन हजार से अधिक नव—नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। श्री मोदी ने कहा कि इन रोज़गार मेलों के माध्यम से ही ग्यारह लाख से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत योजना' की भी शुरुआत की। इसका लक्ष्य साढ़े तीन करोड़ युवाओं को रोज़गार प्रदान करना है। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना भाजपा–एनडीए सरकार की प्राथमिकता है।

स्किल इंडिया मिशन जैसे अभियानों के जरिए युवाओं को स्किल की ट्रेनिंग दी जा रही है, वहीं साथ ही नेशनल करियर सर्विस प्लेटफार्म जैसे इनीशिएटिव उन्हें नए अवसरों से भी जोड़ रहे हैं। इसके माध्यम से अब तक 7 करोड़ से अधिक वैकेंसीज इसकी जानकारी युवाओं को दी जा चुकी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव ने त्योहारों के मौसम को समृद्ध बनाया है। उन्होंने धनतेरस और दिवाली के दौरान हुई रिकॉर्ड तोड़ बिक्री का भी उल्लेख किया।

रोजगार मेला–छत्तीसगढ़

रोजगार सृजन अभियान के तहत आज राजधानी रायपुर में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने पंचानवे चुने हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री–निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास के मद्देनज़र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर में विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ आगमन राज्य के लिए गौरव का अवसर है। श्री साय ने बताया कि इकतीस अक्टूबर की रात प्रधानमंत्री रायपुर पहुंचेंगे। वे एक नवंबर को जनजातीय संग्रहालय और विधानसभा के नये भवन का लोकार्पण करने के साथ ही पांच दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे।

फूड प्वॉइजनिंग—मौत

नारायणपुर जिले में कथित रूप से दूषित भोजन खाने से पांच ग्रामीणों की मौत हो गई है। जबकि, पच्चीस से अधिक ग्रामीण बीमार हैं। सभी ग्रामीण बीते चौदह अक्टूबर को नारायणपुर और बीजापुर जिले की सीमा पर स्थित ड़ूंगा गांव में तेरहवीं भोज में गए थे। इस भोज में शामिल हुए ग्रामीणों में कई दिनों के बाद फूड प्वॉइजनिंग के लक्षण दिखाई देने लगे और बीस अक्टूबर तक पांच लोगों की मौत हो गई।

मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी तुकाराम कंवर ने बताया कि गांव में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

बातों—बातों—में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों—बातों में'' इस बार छठ महापर्व पर केंद्रित रहेगा। इसके तहत छठ महापर्व आयोजन समिति रायपुर के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कन्हैया सिंह और प्रचार सचिव बृजेश सिंह से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल पच्चीस अक्टूबर को एफ.एम. और प्राईमरी

चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

पुलिस अधीक्षक–तबादला

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के सात अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इनमें चार जिलों के पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं। आईपीएस प्रफुल्ल ठाकुर को सक्ती जिले का पुलिस अधीक्षक बनया गया है। वहीं, पंकज चंद्रा को कोण्डागांव, रत्ना सिंह को मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर और अंकिता शर्मा को राजनांदगांव जिले का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

अरूण साव–प्रेसवार्ता

बस्तर ओलंपिक के तहत कल पच्चीस अक्टूबर से विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता शुरू होंगी, जो पांच नंवबर तक चलेंगी। वहीं, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं छह नवंबर से शुरू होकर पन्द्रह नवंबर तक खेली जाएंगी। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन चौबीस से तीस नवंबर तक संभावित हैं।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि इस वर्ष रिकॉर्ड तीन लाख इंक्यानवे हजार से अधिक खिलाड़ियों ने बस्तर ओलंपिक के लिए अपना पंजीयन कराया है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष बस्तर ओलंपिक में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कबड्डी, हॉकी, कराते, वेटलिफ्टिंग और रस्साकशी जैसे पारंपरिक और आधुनिक खेल शामिल किए गए हैं।

छठ पर्व

चार दिवसीय छठ महापर्व कल पच्चीस अक्टूबर से नहाय खाय के साथ शुरू होगा। रायपुर में महादेवघाट के अलावा पचास से अधिक तालाबों में छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाकर तालाबों की साफ–सफाई की जा रही है। आज नगर निगम के अधिकारियों ने सफाई अभियान का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए। घाटों पर लाईटिंग और टेंट जैसी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

रायपुर के छठ महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस साल छठ पर्व पच्चीस तारीख से शुरू होकर अट्ठाईस अक्टूबर तक मनाया जाएगा। छब्बीस अक्टूबर को खरना की रस्म होगी। वहीं, सत्ताईस अक्टूबर को अस्त होते सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। अट्ठाईस अक्टूबर को उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही

छठ/दीपावली–स्पेशल ट्रेन

दीपावली पर्व के बाद घर वापसी और छठ पूजा जैसे प्रमुख त्यौहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर रेलमंडल द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, पावर हाउस, भाटापारा सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर विशेष होल्डिंग एरिया बनाए गए है। रायपुर रेलमंडल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने होल्डिंग एरिया में यात्रियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए।

सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल विनोद लांजेवार ने बताया कि विशेष होल्डिंग एरिया में यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

रायपुर स्टेशन में रेल प्रशासन द्वारा शुरू की गई इन सुविधाओं का यात्रियों ने स्वागत किया है।

इस बीच, रेलवे प्रशासन द्वारा आज से हावड़ा और नागपुर के बीच एक फेरे के लिए अन रिजर्व्ड स्पेशल ट्रेन की सुविधा शुरू की गई है।

वहीं, दुर्ग–पटना और गोंदिया–पटना के बीच एक फेरे के लिए भी छठ स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

इसके अलावा, चर्लपल्ली और बरौंनी के बीच एक फेरे के लिए छठ पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा कल से शुरू होगी। यह ट्रेन का लाभ गोंदिया, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर के यात्री उठा सकेंगे।यह पर्व संपन्न होगा।

वहीं, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज धमतरी जिले के ग्राम दुगली में वनधन विकास केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला समूहों द्वारा एलोवेरा से बनाए जा रहे उत्पादों की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग प्रक्रिया की जानकारी ली।

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज बीजापुर जिले के नम्बी ग्राम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के कैंप में पहुंचे। जहां उन्होंने कैंप में तैनात जवानों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>